जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत क्रियान्वित विकास खण्ड धनीपुर की ग्राम भोजपुर पेयजल योजना पर माननीय विधायक, श्री रवेन्द्रपाल सिंह जी, विधानसभा–छर्रा द्वारा किये गये निरीक्षण का संक्षिप्त विवरण

जनपद अलीगढ़ की विधानसभा छर्रा के अन्तर्गत फर्म मै0 के0पी0टी0एल0 द्वारा क्रियान्वित विकास खण्ड धनीपुर की भोजपुर पेयजल योजना का माननीय विधायक, श्री रवेन्द्रपाल सिंह जी द्वारा दिनांक 05.04.2025 को स्थलीय निरीक्षण किया गया, योजनान्तर्गत नलकूप 1 नग, पम्प हाउस 1 नग, वितरण प्रणाली 4053 मी0, 100 कि0ली0 / 12 मी0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, बाउन्ड्रीवाल 1 नग एवं 451 नग गृह जल संयोजन प्रस्तावित हैं, जिन्हें शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है तथा ग्राम में पाइप लाइन बिछाते समय सड़को पर काटी गई ट्रैंच के पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजनान्तर्गत सुबह–शाम 02–02 घण्टे क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है तथा निरीक्षण के दौरान भी क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही थी, एफ0टी0के0 महिलाओं द्वारा मौके पर क्लोरीन तथा टी0डी0एस0 जल जांच की गई, जोकि मानक के अनुसार पाई गई। मा0 विधायक जी के द्वारा ग्रामवासियों से अनुरोध किया कि भविष्य की पीढी के लिये जल का दुरूपयोग न करें, माननीय द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छ जल आपूर्ति एवं जल संरक्षण हेतु विभाग द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गयी।

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़
पत्रांक 662 / अन्य प्रतिलिपिया / 20 दिनांक 22/04/2025

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्री रवेन्द्रपाल सिह, माननीय विधायक, विधानसभा छर्रा, अलीगढ़ को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै कल्प–तरू अलीगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधिशासी अभियन्ता